RISING RAJASTHAN
REPLETE • RESPONSIBLE • READY

सत्यमेव जयते

ODOP

राजस्थान सरकार

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र चित्तौड़गढ

क्रमांक: एफ( )/जि.उ.वा.के.चि./DRM-CSR-RR Meeting/2025-26/ दिनांक: यथा ई-हस्ताक्षर

-:बैठक कार्यवाही विवरण:-

जिला कलक्टर महोदया डॉ. मंजू (I.A.S.) की अध्यक्षता में दिनांक 11.05.2026 को दोपहर 12:30 बजे जिला ग्रामीण विकास सभागार में जिला स्तरीय विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र समिति (DRM), कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) कार्यों की समीक्षात्मक बैठक व जिला स्तरीय निर्यात संवर्धन समिति एवं राईजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसके बैठक कार्यवाही विवरण निम्न प्रकार हैं-

बैठक के प्रारंभ में जिला कलक्टर महोदया द्वारा उपस्थित समस्त औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों, उद्यमिओं एवं CSR प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया गया। तत्पश्चात, एजेन्डावार चर्चा प्रारंभ की गई।

1. <u>सीएसआर के तहत कार्यरत कंपनियों के व्यय विवरण पर चर्चा:-</u>

बैठक में उपस्थित जिले की समस्त कारपोरेट सामाजिक दायित्व प्रतिनिधियों द्वारा वर्ष 2025-26 में कारपोरेट सामाजिक दायित्व अंतर्गत किए गए विभिन्न कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया गया।

1.1 <u>हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड HZL (वेदांता) सी.एस.आर. हेड श्री सुंदर राज द्वारा दर्शाया गया कि-</u>

- इकाई द्वारा कौशल के क्षेत्र में समाधान, सखी, माइक्रो एंटरप्राइजेज के माध्यम से कार्य किया जा रहा है जहां उत्पादित वस्तुओं की मार्केटिंग अंतर्गत रिलायंस के साथ एमओयू कर स्मार्ट बाजार सेल व अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट के माध्यम से ऑनलाइन विक्रय का कार्य किए जा रहे है।
- शिक्षा के क्षेत्र में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा आंगनबाड़ी सौंदर्यीकरण, विद्यालयों में शिक्षण हेतु अध्यापक उपलब्ध कराने बाबत बताया गया। स्वास्थ्य सेवाओं, वृक्षारोपण आदि के लिए किए गए कार्यों पर भी प्रकाश डाला।

<u>जिला कलक्टर महोदया द्वारा इकाई को निम्नलिखित निर्देश प्रदान किए गए-</u>

- जिला कलक्टर महोदया द्वारा हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा विद्यालयों में शिक्षक उपलब्ध करवाए जाने की प्रशंसा की तथा शिक्षकों की तरह ही डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ को उपलब्ध करवाने के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संभावना तलाशने हेतु निर्देशित किया। **(कार्यवाही- HZL व CMHO)**
- जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) को निर्देशित किया कि हिंदुस्तान जिंक के प्रभाव क्षेत्र में स्थित तीनों उपखंडों में जर्जर व मरम्मत आवश्यक विद्यालयों की सूची शीघ्र ही हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया। **(कार्यवाही- HZL व DEO)**
- गोरा बादल स्टेडियम में किए जा रहे कार्यों की गति बढ़ाकर समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। **(कार्यवाही- HZL)**
- पुठोली से आजोलिया के खेड़ा के मध्य बिरला सीमेंट वर्क्स तथा हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड से होते हुए मार्ग पर लोडिंग वाहनों व सकड़ी पुलिया तथा प्रदूषण संबंधी बिंदुओं पर नगर परिषद, सार्वजनिक निर्माण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण मंडल व महाप्रबंधक की समिति द्वारा क्षेत्र का संयुक्त भ्रमण कर फोटोग्राफ उपलब्ध कराते हुए तथ्यात्मक रिपोर्ट देने हेतु निर्देशित किया जिससे यहां उत्पन्न समस्यायों का निराकरण किया जा सके। **(कार्यवाही- उक्त समिति व इकाईयाँ)**
- जिला स्तर पर कौशल ट्रेनिंग केंद्र के निर्माण हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए राजीविका व राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (RSLDC) को रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जिससे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप कनवर्जेंस अंतर्गत इस परियोजना को धरातल पर लाया जा सके। **(कार्यवाही- राजीविका व RSLDC तथा HZL)**
- आंगनवाड़ी में छतों की मरम्मत को भी सी.एस.आर. कार्यों में शामिल करने हेतु निर्देशित किया व उपनिदेशक आईसीडीएस (ICDS) को इस प्रकार की आंगनवाड़ियों की पहचान कर आगामी बैठक से पूर्व सभी समूहों को भेजने हेतु निर्देशित किया जिससे आंगनवाड़ियों के रिपेयरिंग संबंधी कार्य संपन्न हो सके। **(कार्यवाही- ICDS तथा HZL)**
- जिले के सभी उपखंडों में आधुनिक लाइब्रेरी निर्मित करने हेतु कार्य योजना बनाने हेतु व संभावना खोजने हेतु जिला परिषद, मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष व महाप्रबंधक को निर्देशित किया। **(कार्यवाही- CEO ZP व GM DICC)**
- जिला कलक्टर महोदय द्वारा दस्तकारों को प्राप्त आय व मार्केटिंग पर विशेष बल देने को दर्शाया।

1.2 <u>न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन इंडिया लिमिटेड (NPCIL-RAPP) सी.एस.आर. हेड श्री संजय कांडपाल द्वारा दर्शाया गया कि-</u>

- इकाई द्वारा शिक्षा, कौशल व स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया गया।

<u>जिला कलक्टर महोदया द्वारा इकाई को निम्नलिखित निर्देश प्रदान किए गए-</u>

- **एकीकृत दृष्टिकोण (Integrated Approach):** इकाई को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों के निर्माण में सोलर ऊर्जा, खेल मैदान और आधुनिक संसाधनों को सम्मिलित करते हुए एक 'इंटीग्रेटेड मॉडल' अपनाएं। **(कार्यवाही- NPCIL-RAPP)**
- पावर प्लांट द्वारा लगाए जाने वाले हेल्थ चेकअप में इस प्रकार की गतिविधियों को शामिल करने हेतु निर्देशित किया जो सामान्यतः राज्य सरकार की सेवाओं में सम्मिलित नहीं होती है अथवा जिनके चुनाव में दिक्कत होती है इस संबंध में संबंधित मेडिकल ऑफिसर से समन्वय स्थापित किया जा सकता है। **(कार्यवाही- NPCIL-RAPP व CMHO)**
- जिला कलक्टर महोदया द्वारा उपनिदेशक आई.सी.डी.एस. को निर्देशित किया कि एटॉमिक पावर प्लांट के प्रभाव क्षेत्र में स्थित रिपेयर योग्य आंगनवाड़ियों की सूची शीघ्र प्रस्तुत करें तदनुसार आकर्षक डिजाइन युक्त आंगनवाड़ियां न्यूक्लियर पावर प्लांट को रिपेयर करने हेतु निर्देशित किया। **(कार्यवाही- ICDS व NPCIL-RAPP)**

ई- मेल : dicchittorgarh@rajasthan.gov.in दूरभाष : 01472-295073

Rajkaj Ref No.: 22210965

Signature Not Verified
Digitally signed by Rahul Dev Singh
Designation : Joint Commissioner
Date: 2026.05.15 11:24:07 IST
Reason: Approved

राजस्थान सरकार

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र चित्तौड़गढ

- सी.एस.आर. हेड को प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विस्तृत प्लान आगामी बैठक से पूर्व प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। **(कार्यवाही- NPCIL-RAPP)**

1.3 जे.के. सीमेंट लिमिटेड के सी.एस.आर. हेड श्री राहुल कुमार द्वारा दर्शाया गया कि:-

- इकाई द्वारा ब्रीड इंप्रूवमेंट कार्यक्रम प्रभावी तरीके से चलाया जा रहा है साथ ही उनके कौशल केंद्र पर सेनेटरी पैड का निर्माण किया जा रहा है।

जिला कलक्टर महोदया द्वारा इकाई को निम्नलिखित निर्देश प्रदान किए गए-

- जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में सेनेटरी नैपकिन की कुल मांग का विश्लेषण करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि इसकी आपूर्ति CSR या क्राउड फंडिंग के माध्यम से सुनिश्चित की जा सके। **(कार्यवाही- DEO व सी.एस.आर. इकाईयाँ)**

1.4 असाई इंडिया ग्लास लिमिटेड (AIS) के सी.एस.आर. हेड श्री राम निवास द्वारा दर्शाया गया कि:-

- सोनियाणा में लाइब्रेरी स्थापित की गई है तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में मोबाइल हेल्थ फैसिलिटी प्रारंभ करने की कार्यवाही की जा रही है।

जिला कलक्टर महोदया द्वारा इकाई को निम्नलिखित निर्देश प्रदान किए गए:-

- मोबाइल हेल्थ यूनिट: असहाई ग्लास को मोबाइल वैन के साथ-साथ समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में 'विशेषज्ञ चिकित्सकों' (Specialists) की सेवाएं प्रदान कराने हेतु निर्देशित किया गया। **(कार्यवाही- AIS)**

1.5 वंडर सीमेंट लिमिटेड के सी.एस.आर. हेड श्री राहुल व्यास ने इकाई द्वारा किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया।

उपर्युक्त समस्त इकाईयों के प्रस्तुतीकरण के पश्चात जिला कलक्टर महोदया द्वारा सभी सी.एस.आर. इकाईयों को आगामी बैठक में पीपीटी के माध्यम से प्रगति की सूचना दर्शाने तथा आगामी वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित मैंडेट कार्य के संबंध में महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र को अवगत कराने तथा चित्तौड़गढ़ जिले में नियमानुसार खर्च कर इसकी कार्ययोजना प्रस्तुत कराने के निर्देश दिए। **(कार्यवाही- समस्त सी.एस.आर. इकाईयाँ)**

2. सीएसआर मद के अंतर्गत जिला लाईब्रेरी में ई-लाईब्रेरी के उन्नयन व नवीनीकरण कार्य व जनसंपर्क कार्यालय भवन में ई-लाईब्रेरी निमाण-

जिला कलक्टर महोदया द्वारा जिला लाइब्रेरी तथा पीआरओ ऑफिस में विकसित की जा रही ई-लाइब्रेरी के कार्य को जुलाई 2026 से पूर्व पूर्ण करने हेतु वंडर सीमेंट लिमिटेड तथा जे.के. सीमेंट लिमिटेड को निर्देशित किया। **(कार्यवाही- वंडर सीमेंट लिमिटेड तथा जे.के. सीमेंट लिमिटेड)**

3. हरियालो राजस्थान एवं पर्यावरण संरक्षण-

- बैठक में "हरियालो राजस्थान" अभियान हेतु उप वन संरक्षक श्रीमती मृदुला सिंह ने औद्योगिक इकाइयों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण करने के निर्देश दिए तथा बताया कि वन विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के लिए पौधे तैयार किए गए हैं। **(कार्यवाही- समस्त सी.एस.आर. इकाईयाँ, औद्योगिक समूह व अन्य इकाईयाँ)**
- **विशेष क्षेत्र:** बस्सी अभयारण्य का विकास, फ्लाईओवर्स के नीचे सौंदर्यकरण, कन्या वन क्षेत्र और डिवाइडर प्लांटेशन पर जोर दिया गया।
- **निगरानी:** क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण मंडल को निर्देश दिए गए कि वे औद्योगिक इकाइयों को आवंटित लक्ष्यों की मॉनिटरिंग करें। **(कार्यवाही- RO RPCB)**
- **कार्ययोजना:** आगामी बैठक से पूर्व समस्त औद्योगिक इकाइयां अपने चयनित स्थल और सुरक्षा (Guard) प्रबंधों की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करें। **(कार्यवाही- समस्त सी.एस.आर. इकाईयाँ, औद्योगिक समूह व अन्य इकाईयाँ)**

4. चित्तौड़गढ़ शहर में पर्यटन विकास हेतु शहर के सौंदर्यीकरण व हरीतिमा पर चर्चा: -

- चित्तौड़गढ़ शहर के सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशानुसार कार्य योजना को शीघ्र पूरा करने हेतु नगर विकास न्यास को तथा महाप्रबंधक को समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया। **(कार्यवाही- SEC. UIT & GM DICC)**
- नगर परिषद को डिवाइडर प्लांटेशन के निर्देश दिए गए। **(कार्यवाही- आयुक्त नगर परिषद चित्तौड़गढ़)**

5. आकोला में हस्त छपाई हब निर्माण में बजट घोषणा की क्रियान्वति की प्रगति पर चर्चा:-

- जिला कलक्टर महोदया द्वारा उक्त बजट घोषणा वर्ष 2025-26 बिंदु संख्या 33.01 की कार्यकारी एजेंसी नगर पालिका आकोला के अधिशासी अधिकारी (EO) को इस संबंध में टाइम मैट्रिक्स के अनुसार कार्य की प्रगति से आगामी साप्ताहिक बैठक में महोदया को अवगत कराने के निर्देश प्रदान किए गए। **(कार्यवाही- EO नगर पालिका आकोला)**

6. औद्योगिक विवाद एवं शिकायत निवारण (Dist. Level Dispute Redressal)

- लघु उद्योग भारती के श्री ज्ञान मेहता द्वारा तेजपुर (बेगूं) को औद्योगिक क्षेत्र में बिना जीएसएस की स्थापना किए उद्यमियों को रीको इकाई द्वारा दिए जा रहे नोटिस का प्रकरण प्रस्तुत किया जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड तथा क्षेत्रीय प्रबंधक रीको को इस प्रकरण को प्राथमिकता से निस्तारित करने हेतु साप्ताहिक बैठक में प्रगति से दर्शाने हेतु निर्देशित किया। **(कार्यवाही- SE AVVNL & RM RIICO)**

Signature Not Verified
Digitally signed by Rahul Dev Singh
Designation : Joint Commissioner
Date: 2026.05.15 11:24:07 IST
Reason: Approved

RISING RAJASTHAN
REPLETE • RESPONSIBLE • READY

सत्यमेव जयते

ODOP

राजस्थान सरकार

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र चित्तौड़गढ

7. <u>राईजिंग राजस्थान अतंर्गत एमओयू पर चर्चा:-</u>

- जिला कलक्टर महोदया ने सभी कियान्वयन विभागों (Implementing Departments) को पेंडिंग माइलस्टोन **(M2**- Land is required but not available for project, **M3**- Process approval other than land identification/ allotment not completed, **M4**- Where M4 is updated but the groundbreaking is pending & **M5**- MoUs where M5 is updated but the commercial production is yet to be started**)** के संबंध में अपनी सूचना साप्ताहिक प्रगति समीक्षा मीटिंग (सोमवार) में रखने को निर्देशित किया। **(कार्यवाही- All Implementing Departments)**

<u>विविध बिंदु:</u>

1. **<u>जिला स्तरीय निर्यात संवर्धन समिति की बैठक:-</u>** जिला कलक्टर महोदया ने सभी औद्योगिक इकाइयों और संघों को निर्यात कार्ययोजना (DEAP) को प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न औद्योगिक संघों और इकाइयों से महत्वपूर्ण सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आगामी वैश्विक शिखर सम्मेलन हेतु निर्यात नीतियों में स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं को सम्मिलित करना है। **(कार्यवाही- समस्त औद्योगिक इकाइयां तथा संघ)**
2. वर्षा जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं की चित्तौड़गढ़ में नितांत आवश्यकता है अतः इसमें वृद्धि हेतु व प्रगति के लिए जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी से समन्वय स्थापित करें तथा पूर्व में MJSA 2.0 अंतर्गत सी.एस.आर. इकाइयों द्वारा की गई प्रतिबद्धता की अनुपालना प्रगति से महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। **(कार्यवाही- समस्त सी.एस.आर. इकाईयाँ, औद्योगिक समूह व अन्य इकाईयाँ)**

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(राहुल देव सिंह)
सदस्य सचिव एवं महाप्रबंधक
जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र
चित्तौड़गढ़

क्रमांक: एफ( )/जि.उ.वा.के.चि./DRM-CSR-RR Meeting/2025-26 दिनांक: यथा ई-हस्ताक्षर

प्रतिलिपि: सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. वरिष्ठ निजी सचिव, जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़।
2. उपवन संरक्षक, चित्तौड़गढ़।
3. अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ।
4. मुख्यकार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चित्तौड़गढ़।
5. सचिव, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़।
6. अधीक्षण अभियन्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चित्तौड़गढ।
7. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौड़गढ़।
8. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चित्तौड़गढ़।
9. उपनिदेशक कृषि विस्तार, चित्तौड़गढ़।
10. उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, चित्तौड़गढ़।
11. उपश्रम आयुक्त, श्रम विभाग, चित्तौड़गढ़।
12. क्षेत्रीय अधिकारी, राज०राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, चित्तौड़गढ़।
13. क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको लि० चित्तौड़गढ।
14. आयुक्त, नगर परिषद चित्तौड़गढ़।
15. अधीक्षण अभियंता वाटरशेड जिला परिषद चित्तौड़गढ़।
16. अधीक्षण अभियन्ता, अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. चित्तौड़गढ़।
17. खनि अभियंता चित्तौड़गढ़।
18. जिला पर्यटन अधिकारी चित्तौड़गढ़।
19. सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, चित्तौड़गढ़।
20. उप निदेशक आयुर्वेद विभाग चित्तौड़गढ़।
21. प्रधानाचार्य राजकीय पी जी कॉलेज चित्तौड़गढ़।
22. समस्त औद्योगिक संघ चित्तौड़गढ़।
23. साईट डायरेक्टर- एनपीसीआईएल, रावतभाटा।
24. समस्त सीएसआर पार्टनर यूनिट हेड हिन्दुस्तान जिंक लि०, पुठोली/बिरला सीमेंट वर्क्स / आदित्य सीमेंट वर्क्स/जे के सीमेंट वर्क्स / वण्डर सीमेंट लि०/ नूवूको विस्टॉस कॉरपोरेशन/नितिन स्पीनर्स/ संगम इण्डिया लिमिटेड/ एनएचएआई / पीजीसीआईएल / GAIL / समस्त फर्टिलाईजर प्लांट / GEPIL / असाही इण्डिया ग्लास लि०।

Signature Not Verified

Digitally signed by Rahul Dev Singh
Designation : Joint Commissioner
Date: 2026.05.15 11:24:07 IST
Reason: Approved

ई- मेल : dicchittorgarh@rajasthan.gov.in **दूरभाष : 01472-295073**

RajKaj Ref No.: 22210965